प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 23.04.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार चरम पर, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने प्रत्याशियों के समर्थन में कीं जनसभाएं और रोड–शो।
2. लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में प्रदेश की 10 सीटों पर कुल 100 उम्मीदवार मैदान में : चौथे चरण के लिये नामांकन जारी।
3. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल दो दिवसीय दौर पर पहुंचेंगे वाराणसी : पांच विधानसभा क्षेत्रों के करीब पांच हजार कार्यकर्ताओं से करेंगे संवाद।
4. नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइंस को कहा– एक पीएनआर पर हवाई यात्रा कर रहे 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अभिभावक के पास द सीट।

और

5. प्रदेश भर में आज श्रद्धा और भक्ति के साथ मनायी जा रही है हनुमान जयंती : हनुमान मंदिरों में किया गया सुन्दरकांड और हनुमान चालोसा का पाठ।

———————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिये राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता रैलियां, रोड शो और घर–घर जाकर

प्रचार में जुटे हैं। इस चरण के चुनाव प्रचार का कल अंतिम दिन है। भाजपा, बसपा और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेताओं ने राज्य के पश्चिमी हिस्से में अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया, जहां इस महीने की 26 तारीख को 8 लोकसभा सीटों पर मतदान होगा।

केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने आज गौतमबुद्ध नगर जिले में पार्टी उम्मीदवार महेश शर्मा के लिए प्रचार किया। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के भ्रष्टाचार के केंद्र के रूप में पहचान वाला नोएडा आज राज्य में कारोबार का केंद्र बन चुका है। डबल इंजन की सरकार न अपराधियों की कमर तोड़ दी है। उत्तर प्रदेश अब आपराधिक रिकार्ड के लिए नहीं बल्कि निवेश, एक्सप्रेस व और कानून व्यवस्था के लिए जाना जाता है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने अलीगढ़ और हाथरस से सपा–कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों बिजेंद्र सिंह और जसवीर बाल्मीकि के लिए अलीगढ़ जिले में रैली की। उन्होंने जनता से नफरत फैलाने वाले लोगों के खिलाफ वोट करने की अपील की।

मेरठ जिले के सिवाल खास इलाके में होने वाली अखिलेश यादव की एक और रैली आखिरी वक्त में रद्द हो गई। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पार्टी प्रत्याशी और मशहूर अभिनेता अरुण

गोविल के लिए रोड शो किया। उन्होंन पहले दिन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अमरोहा और बागपत जिलों में रैलियों को संबोधित किया। श्री योगी ने लोगों से विकसित और सुरक्षित देश के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की।

बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती ने भी पार्टी प्रत्याशी देवब्रत त्यागी के समर्थन में मेरठ जिले में एक रैली को संबोधित किया। अलग राज्य का सियासी दांव खेलते हुए मायावती ने कहा कि अगर पार्टी सत्ता में आई तो वेस्ट यूपी को अलग राज्य बनाएगी और मेरठ में भी हाईकोर्ट की एक शाखा लाने की कोशिश करेगी।

———————————

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में उत्तर प्रदेश की 8 सीटों पर 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसमें अलीगढ़ की महत्वपूर्ण सीट भी शामिल है। इस सीट पर भाजपा ने वर्तमान सांसद सतीश गौतम को तीसरी बार प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन ने पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह और बसपा ने हितेंद्र उपाध्याय उर्फ बंटी को चुनावी मैदान में उतारा है। इस सीट पर 11 अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में हैं। पेश है हमारी प्रतिनिधि की रिपोर्ट......

*अलीगढ़ संसदीय क्षेत्र में सात विधानसभा सीटें आती हैं। इसमें खैर, बरौली, अतरौली, छर्रा, कोल, अलीगढ़ और इगलास शामिल हैं। इस लोकसभा क्षेत्र में कुल 27 लाख 5 9 हजार 215 मतदाता हैं। इनमें 14*

*लाख 70 हजार 644 पुरुष मतदाता, 12 लाख 88 हजार 435 महिला मतदाता और 136 थर्ड जेंडर शामिल हैं। इस सीट पर भाजपा के सतीश कुमार गौतम 2019 के लोकसभा चुनाव में 6 लाख 56 हजार 215 वोट पाकर सांसद बने थे। उन्होंने दो लाख से ज्यादा मतों से बहुजन समाज पार्टी के डॉक्टर अजीत बालियान को हराया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर सांसद सतीश गौतम को प्रत्याशी बनाया है। वहीं इंडिया गठबंधन से पूर्व सांसद विजेंद्र सिंह मैदान में हैं। वह यहां से एक बार कांग्रेस के टिकट पर सांसद रह चुके है और इगलास विधानसभा से तीन बार विधायक रह चुके हैं। वहीं बसपा ने इस सीट पर पहले गुफरान नूर को मैदान में उतारा था लेकिन बाद में उनका टिकट काटकर हितेंद्र उपाध्याय उर्फ बंटी को प्रत्याशी बनाया है। इस बार के चुनाव में रालोद, भाजपा के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है, जिसका फायदा भाजपा को मिलेगा। सभी दल अपने प्रत्याशियों के समर्थन में तेजी से चुनाव प्रचार करने में लगे हुए हैं। रजनीश सिंह, आकाशवाणी समाचार, अलीगढ़।*

————————————

**प्रदेश में तीसरे चरण की 10 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में 100 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि नाम वापसी के अंतिम दिन कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए। संभल, फतेहपुर सीकरी, बदायूं और बरेली में एक–एक प्रत्याशी ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली है।**

**मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संभल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से 12 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, हाथरस निर्वाचन क्षेत्र से 10, आगरा से 11, फतेहपुर सीकरी से नौ, फिरोजाबाद से सात, मैनपुरी से आठ, एटा से 10, बदायूं में 11, आंवला से नौ और बरेली लोकसभा निर्वाचन**

क्षेत्र से 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इन 10 लोकसभा सीटों के लिए सात मई को मतदान होगा।

———————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

————————

प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों के लिये नामांकन प्रक्रिया जारी है। शाहजहांपुर लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी अरुण सागर ने आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। उनके साथ प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, जितिन प्रसाद और जेपीएस राठौर मौजूद रहे। वहीं कन्नौज लोकसभा सीट से आज भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार वर्तमान सांसद सुब्रत पाठक, राष्टोय क्रांति पार्टी उम्मीदवार ललित कुमारी और निर्दलीय प्रत्याशी यादवेन्द्र किशोर ने नामांकन दाखिल किया।

धौरहरा सीट के लिये सपा से आनंद भदौरिया, भाजपा से रेखा वर्मा, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी से राजेश कुमार

और आम जनता पार्टी इंडिया से आशुतोष पाठक ने आज अपना नामांकन दाखिल किया। वही खीरी संसदीय क्षेत्र से निर्दलीय नरेश सिंह भदोरिया ने आज पुनः नामांकन किया।

चौथे चरण के लिये नामांकन भरने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल है। नामांकन पत्रों की जांच 26 अप्रैल को होगी, 29 अप्रैल नाम वापसी की अंतिम तिथि है। इस चरण में 13 सीटों पर 13 मई को वोट डाले जायेंगे।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह कल शाम दो दिवसीय दौर पर वाराणसी पहुंचेंगे। दौरे के दौरान श्री शाह वाराणसी के पांच विधानसभा क्षेत्रों के करीब पांच हजार पार्टी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद करेंगे। साथ ही पन्ना प्रमुख और बूथ अध्यक्षों स लोकसभा चुनाव में अब तक हुई तैयारियों की जानकारी भी लेंगे। गृहमंत्री के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, दोनों उप मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री भी मौजूद रहेंगे।

भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी के अनुसार, कार्यकर्ताओं को संबोधित करने के बाद  श्री शाह तुलसी उद्यान में वाराणसी लोकसभा क्षेत्र के केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह लोकसभा क्षेत्र के लगभग 50 वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इनमें कोर कमेटी, चुनाव संचालन कमेटी, प्रदेश

कमेटी और शीर्ष पदाधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

---

नागरिक उड्डयन महानिदेशालय–डीजीसीए ने एयरलाइंस को ये सुनिश्चित करने को कहा है कि एक ही पीएनआर पर यात्रा कर रहे 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास की निर्धारित सीट पर ही यात्रा करने दें। डीजीसीए के बयान के अनुसार, ऐसे कई मामले सामने आये हैं, जिनमें 12 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अपने माता–पिता तथा अभिभावकों के पास सीट नहीं मिली है। बयान में कहा गया है कि मौजूदा हवाई परिवहन परिपत्र को उपयुक्त रूप से संशोधित कर दिया गया है।

---

प्रदेश भर में आज हनुमान जयंती श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के माहौल में मनायी जा रही है। श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में जाकर श्रीहनुमान जी का दर्शन–पूजन कर रहे हैं। कई स्थानों पर आज सुन्दरकांड, हनुमान चालोसा और श्रीराम चरित मानस पाठ के आयोजन किये जा रहे हैं। लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर, अलीगंज के पुराने हनुमान मंदिर समेत अन्य मंदिरों को खास तौर पर सजाया गया है। वाराणसी के काशी विश्वनाथ धाम स्थित समस्त हनुमान

विग्रह की विशेष सज्जा एवं आराधना का आयोजन श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा किया गया।

———————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। मौसम विभाग ने कल लखीमपुर खीरी, बहराइच, गोंडा, बस्ती, सुल्तानपुर, वाराणसी समेत कई अन्य जनपदों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। वहीं 26 अप्रैल को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश और गरज के साथ बौछार पड़ने की संभावना है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा।

(समाप्त)